# कार्यालय अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह बाल अधिकारिता विभाग, कोटा

email id- balakhomekota123@gmail.com

क्रमांकः– सम्प्रेक्षण/2022–23/126

दिनांकः–09.02.2023

## खुली प्रतियोगी बोली निविदा सूचना संख्या 04/2022–23

सुरक्षित अभिरक्षा में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 49 के तहत् विधि से संघर्षरत बालकों के लिए कोटा में स्थापित सुरक्षित अभिरक्षा (Place of safety) के सुचारू संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु वित्तीयवार्षिक दर संविदा पर परामर्शदाता, केस वर्कर,पैरामेडिकल स्टाफ, सहायक (सफाई कर्मी), गृह पिता एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह एवं किशोर न्याय बोर्ड कोटा हेतु 01–01 मेन विद मशीन कम्प्यूटर ओपरेटर की जॉब बेसिस पर मैनपावर आपूर्ति सेवायें (जिसकी अनुमानित वार्षिक मूल्य 11.45 लाख है), वित्त वर्ष 2022–23 व 2023–24 (अवधि मार्च 2023 से फरवरी 2024) के लिये वांछनीय है, अतः श्रम विभाग में पंजीकृत संवेदको/संस्थाओं/सेवाप्रदाता एजेन्सियों से शर्तरहित निविदा दिनांक **21.02.2023** तक आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेब साईट http;//sje.rajasthan.gov.inया लोक उपापन पोर्टल sppp.rajasthan.gov.पद एवं डी.पी.आर की वेबसाईट www.dipronline.org पर देखी जा सकती है ।

UBN:- CED2223SLOB00040
NIB CODE: CED2223A0041

अधीक्षक
राजकीयसम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह
बाल अधिकारिता विभाग,
कोटा

---

क्रमांकः सम्प्रेक्षण/2022–23/127-136

दिनांक : 09.02.2023

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान जयपुर को उक्त विज्ञप्ति की 03 प्रतियां भिजवाकर निवेदन है कि उक्त विज्ञप्ति का नियमानुसार आपके विभाग की बेवसाइट पर प्रकाशित कराने का कष्ट करावे एवं निविदा सूचना एक क्षेत्रीय स्तर के मुख्य दैनिक समाचार पत्र के साथ–साथ पचास हजार प्रतियों और उससे अधिक का परिचालन रखने वाला एक राज्य स्तरीय मुख्य दैनिक समाचार पत्र मे न्यूनतम दर व न्यूनतम स्पेस में प्रकाशित कराने की कृपा करावे।
2. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राज0 जयपुर को निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र भेजकर निवेदन हैं कि नियमानुसार विभागीय बेवसाइट पर प्रकाशित कराने का श्रम फरमावें।
3. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा/संभागीय आयुक्त/जिला कलक्टर/जिला परिषद/नगर निगम कोटा।

अधीक्षक
राजकीयसम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह
बाल अधिकारिता विभाग,
कोटा

कार्यालय अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह बाल अधिकारिता विभाग, कोटा
email id- balakhomekota123@gmail.com

क्रमांकः—सम्प्रेक्षण/2022—23/126

दिनांकः—09.02.2023

# बिड आमंत्रण सूचना संख्या 04/2022—23

सुरक्षित अभिरक्षा में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 49 के तहत् विधि से संघर्षरत बालकों के लिए कोटा में स्थापित सुरक्षित अभिरक्षा (Place of safety) के सुचारू संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु वित्तीयवार्षिक दर संविदा पर परामर्शदाता, केस वर्कर,पैरामेडिकल स्टाफ, सहायक (सफाई कर्मी), गृह पिता एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह एवं किशोर न्याय बोर्ड कोटा हेतु 01—01 मेन विद मशीन कम्प्यूटर ओपरेटर की जॉब बेसिस पर मैनपावर आपूर्ति सेवायें वित्त वर्ष 2022—23 व 2023—24 (अवधि मार्च 2023 से फरवरी 2024) के लिये निम्नानुसार कार्य/सेवायें जॉब बेसिस (Out Source Work)वांछनीय है। अतः राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948, वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी), आयकर (पैन नम्बर), राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956,के अन्तर्गत पंजीकृत संवेदकों/संस्थाओं/सेवाप्रदाता ऐजेंसियों से राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 के तहत शर्त रहित खुली प्रतियोगी बोली (द्वि प्रकर्मी मोहर बन्द लिफाफो में ) आमंत्रित की जाती है :—**महत्वपूर्ण दिनांक एवं समय**

| क्र.स. | विवरण | महत्वपूर्ण दिनांक, समय व अन्य सूचना |
|---|---|---|
| 1 | मैन पावर आपूर्ति का कार्य विवरण | शिड्यूल G के अनुसार |
| 2 | अनुमानित लागत | 11.45 लाख रूपये |
| 3 | बिड प्रपत्र शुल्क का | 500.00 रूपये |
| 4 | बिड सिक्योरिटी बौण्ड | रूः 22900/— |
| 5 | बिड डाउनलोड करने की दिनांक | 09/02/2023 प्रातः 9.30 बजे से |
| 6 | EMD/Fee dk DD | 21/02/2023 दोपहर 12.00 बजे तक |
| 7 | तकनिकी बिड व वित्तीय बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 21/02/2023 दोपहर 12.00 बजे तक |
| 8 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 22/02/2023 दोपहर 3.00 बजे |
| 9 | वित्तीय बिड खोलने की तिथि | 23/02/2023 दोपहर 1.00 बजे |

बिड से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय बेब साईटhttp;//sje.rajasthan.gov.inया लोक उपापन पोर्टल sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है/डाउनलोड की जा सकती है। तकनीकी व वित्तिय बिड के पृथक—पृथक मोहरबन्द लिफाफो में निर्धारित तिथि व समय तक इस कार्यालय को प्रस्तुत की जा सकती है।

अधीक्षक
राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह
बाल अधिकारिता विभाग,
नयागावं कोटा।

## कार्यालय अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह बाल अधिकारिता विभाग, कोटा

email id- balakhomekota123@gmail.com

दिनांकः—09.02.2023

## तकनीकी बिड

1. उपापन संस्था का विवरण : अधीक्षक, सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह,(सुरक्षित अभिरक्षा गृह)बाल अधिकारिता विभाग, कोटा
2. कार्य का विवरण : आवासित बालको हेतु वार्षिक दर संविदा पर परामर्शदाता ,केस वर्कर, पैरामेडिकल स्टाफ,सहायक (सफाई कर्मी),गृह पिता,मेन विद मशीन कम्पयूटर ऑपरेटरकीजॉब बेसिस सेवा की आपूर्ति का कार्य
3. अनुमानित लागत : रूः 11.45 लाख
4. बिड आमंत्रण सूचना : 04/2022—23 दिनांक ..........................
5. बोलीदाता का विवरण :
   (1) फर्म/संस्था का पूरा नाम : ..............................................................................................
   (2) पूर्ण पता : ..............................................................................................
   ..............................................................................................
   ..............................................................................................
   ..............................................................................................
   (3) संस्था का प्रकार (एनजीओ/फर्म/कं./अन्य): ..............................................................................
   (4) टेलीफोन नं. : ..................................................
   (5) मोबाईल नं. : ..................................................
   (6) ई—मेल पता : ..............................................................................................
6. संलग्न प्रमाण पत्रो का विवरण :—

| क.स. | प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्र का प्रकार एवं विवरण | हां या नहीं | जारी होने की तिथि / वैधता अवधि /बैक का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रूपये 500 /— जमा कराने का ड्राफट /बैकर्स चैक नम्बर ..................................दिनांक .......................... प्रस्तुत किये जाने का विवरण | | |
| 2 | बिड सिक्युरिटी राशि 22900/—डी.डी./ | | |
| 3 | मैन पावर सप्लाई हेतु न्यूनतम तीन वर्ष का कार्य अनुभव का प्रमाण पत्र (2019—20, 2020—21, 2021—22) | | |
| 4 | फर्म/संस्था के पंजीकरण की सूचना आदि | | |
| | A. राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 | | |
| | B. कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952, | | |
| | C. कर्मचारी राज्य 'बीमा अधिनियम, 1948, | | |
| | D. वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी नः), | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | E. इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत<br>या<br>F. इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956<br>या<br>G.राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 | | |
| | H.संस्था का आयकर (पैन नम्बर) | | |
| 5 | गत तीन वर्षो का सीए का ऑडिट रिपोर्ट ( 2019–20, 2020–21 से 2021–22) | | |
| 6 | गत तीन वर्षो का आयकर रिटर्न (2019–20, 2020–21 से 2021–22) | | |
| 7 | गत वर्षों में ब्लेक लिस्टेड नहीं होने संबंधी घोषणा पत्र(100 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम पर शपथ पत्र नोटेरी द्वारा प्रमाणित ) | | |
| 8 | Annexure '1'संलग्न करना। (गत तीन वर्षो में न्यूनतम रूः 3.00लाख रूपये का टर्न ओवर किसी एक वर्ष में ) सी.ए. द्वारा जारी प्रमाणपत्र अनुसार | | |
| 9 | परिशिष्ठ 1, 2, 3, 4 एव A,B,C,D | | |
| 10 | बैक का विवरण | | |
| | A. बैक खाताधारक संस्था का पूरा नाम | | |
| | B. बैंक खाता संख्या, | | |
| | C.बैंक का नाम व शाखा का नाम | | |
| | D. बैक खाते का प्रकार | | |
| | E. आई एफ एस सी कोड | | |

7. इसके अलावा हमारे द्वारा निम्नलिखित दस्तावेज भी प्रस्तुत किये गये है:–
   1. ........................................................................................................
   2. ........................................................................................................
   3. ........................................................................................................
   4. ........................................................................................................
   5. ........................................................................................................

........................................................................................................

8. मैं/हम,कार्यालय अधीक्षक, सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह, बाल अधिकारिता विभाग, नयागाव, कोटा द्वारा जारी की गई निविदा सूचना क्रमांक ..................... दिनांक .............. मैं वर्णित समस्त शर्तो तथा सलंग्न पत्रों (जिसमें समस्त पृष्ठों पर हमने उसमें वर्णित शर्तों की स्वीकृति के प्रमाण स्वरूप हस्ताक्षर कर दिये है) मैं/हम दी गई समस्त शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करता हूॅं/करते हैं। साथ ही इस बात पर भी सहमति देते है कि मेरे/ हमारे द्वारा बोली के साथ संलग्न किये गये समस्त दस्तावेजों की प्रमाणिकता की जांच मेरे/हमारे द्वारा अपने स्तर पर कर ली गई है। सभी दस्तावेज वैधानिक/प्रक्रियात्मक/मौलिक रूप से सही है। यदि बोली प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उक्त दस्तावेजों की प्रमाणिकता असिद्ध होती है तो इसके लिए मैं/हम पूर्ण रूपेण उत्तरदायी रहॅूगा/रहेंगे एवं इसके लिए विभाग किसी भी स्तर पर किसी भी

समय बिना नोटिस दिये हमारी बोली/अनुबंध को निरस्त करने, मेरे/हमारे विरूद्ध कानून/विधिसम्मत दण्डात्मक कार्यवाही करने के लिए स्वतन्त्र होगा।

**अधीक्षक**
**राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह**
**बाल अधिकारिता विभाग,**
**नयागावं कोटा**

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील
दिनांक

कार्यालय अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह बाल अधिकारिता विभाग, नयागावं कोटा
email id- balakhomekota123@gmail.com

दिनांक :09.02.2023

# वित्तीय निविदा

**संवेदक के माध्यम से वार्षिक दर संविदा पर परामर्शदाता ,स्वीपर, केयर टेकर, पेरामेडिकल स्टाफ,केस वर्कर,मेन विद मशीन कम्पयूटर ऑपरेटरकीजॉब बेसिस सेवाओं के उपापन के लिए अपनी निविदा दरें निम्नानुसार प्रपत्र में प्रस्तुत की जायेगी:—**

(संवेदक द्वारा भरा जाना)

| क्र. सं. | कार्य की प्रकृति जॉब / विजिट बेसिस | कार्य हेतु श्रमिक की श्रेणी आवश्यक मानव संसाधन की अनुमानित संख्या | श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी | सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत प्रति व्यक्ति की मजदूरी दर | ईपीएफ की दर प्रतिशत 13% से राशि | ईएसआई की दर 3. 25% से राशि | जी.एस.टी. की दर 18% से राशि | सेवा प्रदाता द्वारा सर्विस चार्ज प्रस्तुत प्रति व्यक्ति सेवा दर का प्रतिशत व राशि(प्रति श्रमिक 1.00 रू0 के गुणक में) | कुल राषि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | परामर्शदाता (1) विजिट बेसिस, | 01 | 8000 (400रू. प्रति विजिट) 20 विजिट अधिकतम | 8000/— | वर्तमान में प्रचलित दरों के आधार पर | | | | |
| 2. | केस वर्कर, (1) जॉब बेसिस, | 01 | 8658 (333/— प्रतिदिन) | 8658/— | वर्तमान में प्रचलित दरों के आधार पर | | | | |
| 3. | पैरामेडिकल स्टाफ(1), जॉब बेसिस | 01 | 8658 (333/— प्रतिदिन) | 8658/— | वर्तमान में प्रचलित दरों के आधार पर | | | | |
| 4. | सहायक (सफाई कर्मचारी) (1) जॉब बेसिस, | 01 | 6734 (259/— प्रतिदिन) | 6734/— | वर्तमान में प्रचलित दरों के आधार पर | | | | |
| 5. | गृह पिता (3) जॉब बेसिस, | 03 | 7358 (283/— प्रतिदिन) | 7358/— | वर्तमान में प्रचलित दरों के आधार पर | | | | |
| 6. | मेन विद मशीन कम्पयूटर ऑपरेटर | 02 | 8658 (333/— प्रतिदिन) | 8658/— | वर्तमान में प्रचलित दरों के आधार पर | | | | |

नोट : बोलीदाता द्वारा कॉलम नं. 09 में ही राषि की प्रविष्ट की जानी है।

1. **GST** नियमानुसार लागु होगा जो की पृथक से देय होगा।
2. सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत प्रति मैन पावर सेवा दर का प्रतिशत में शून्य दर 0.00/राशि स्वीकार्य नहीं होगी।
3. वित्त विभाग द्वारा न्यूनतम दर में परिवर्तन राज्य सरकार की अधिसूचना / विभाग द्वारा समय—समय पर परिवर्तन अनुसार परिवर्तित रहेगी।

दिनांक:—.........................................

हस्ताक्षकर्ता निविदाता मय सील

शिड्यूलG

राजस्थान सरकार

## कार्यालय अधीक्षक,राजकीय सम्प्रेक्षण एंव किशोर गृह, बाल अधिकारिता विभाग,कोटा

## निविदा में जोब बेस/विजिट बेस पदों का विवरण

| | संस्था में स्वीकृत आवासनियों की संख्या | 50 | |
|---|---|---|---|
| 1. | जॉब बेस पर कार्य का नाम | केस वर्कर (उच्च कुशल) | |
| | कार्य का विवरण | जॉब बेस का औचित्य | अनुमानित राशि |
| | 1. बाल देखरेख संस्था में मामला कार्यकर्ता बोर्ड अथवा समिति अथवा बाल न्यायालय द्वारा दिये गए निर्देशों का कार्यान्वयन करेगा।<br>2. मामला कार्यकर्ता बालक के पुनर्वास और सामाजिक पुनर्समेकन तथा अवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं तथा संगठनों के साथ सम्पर्क स्थापित करेगा।<br>3. बाल कल्याण अधिकारी संस्था किसी बालक को लेने के लिए बाल देखभाल संस्था में उपलब्ध मामला कार्यकर्ता उसे मित्र बनाने और उसकी सुगमता को दृष्टिगत रखते हुए लिए गए बालक के साथ बातचीत करेगा तथा बालक प्राप्त करने की प्रकिया का पर्यवेक्षण करेगा।<br>4. पुलिस अथवा बाल कल्याण पुलिस अधिकारी से सूचना प्राप्ति पर अथवा बाल देखभाल संस्था में बालक के पहुंचने पर मामला कार्यकर्ता व्यवक्तिगत साक्षात्कारों के माध्यम से तुरंत बालकों की समाजिक जांच करना जौर उसके परिवार सदस्यों, सामाजिक अभिकरणों तथा अन्य स्त्रोतों से पूर्ववर्ती तथा बालक का परिवार इतिहास की जांच करता है तथा जो भीी प्रासंगिक सामग्री हो,ऐसी अन्य सामग्री को एकत्र करता है तथा 15 दिन के भीतर बोर्ड अथवा समिति अथवा बाल न्यायालय को सामाजिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।<br>5. बाल देखरेख संस्था में सभी मामला कार्यकर्ता को सौंपे जाएगें तथा ऐसा मामला कार्यकर्ता बालक की देखभाल और विकास अर्थत् सभी पहलुओं, बालक के बारे में बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय को रिपोर्ट करने अथवा बाल देखभाल संस्था में बाल अभिलखों का रख रखाव करने में उसको सौंपे गए बालक के लिए जिम्मेदार होगा।<br>6. मामला कार्यकर्ता को बालक को सौंते जाने पर, मामला कार्यकर्ता निम्नलिखित कार्य करेगा :<br>(1) बालक की मामला फाईल तैयार करना, | किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण)आदर्श नियम 62 में निर्धारित कार्य | श्रम विभाग के निदेशानुसार प्रतिमाह समस्त करो सहित अनुमोदित दर अनुसार।<br>01केस वर्कर किसी संकाय में स्नातक डिग्री एवं बच्चों के साथ कार्य करने का कम से कम 02 वर्ष का अनुभव |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (2) संरक्षात्मक अभिरक्षा कार्ड का रख रखाव ,<br><br>(3) बालक का चिकित्सा अभिलेख तैयार करना और उसका रख रखाव करना और सुनिश्चित करना कि बालक का उपचार बाधित अथवा उपेक्षित न हो,<br><br>(4) बालक की सुरक्षा,कल्याण और विकास सुनिश्चित करने, बाल देखरेख संस्था में जीवन के साथ समंजन के लिए बालक की सहायता करने के लिए बालक से प्रत्येक दिन मिलना। नए लिये गए बालक कके साथ दिन में एक बार से अधिक बार मुलाकात की जाएगी।<br><br>(5) बालक की शिक्षा, व्यवसायिक स्थिति और कौशल और भावनात्मक स्थिति का पता लगाने के लिए शुरूआत के पांच दिनों में बालक के बारे में एकत्रित करना।<br><br>(6) जरूरी चिकित्सा और मानसिक जांच कराना, बालक का मूल्यांकन और परीक्षा कराना।<br>(7) रिपोर्टों का अध्ययन करना और बालक और उसके परिवार के सदस्यों के परामर्श से लंबित जांच की अवधि के दौरान बालक की केस फाईल में लगाने के लिए प्रारूप 7 में व्यक्तिगत देखरेख योजना तैयार करना। मामला कार्यकर्ता, जैसा भी वह इस संबंध में उचित समझे, परामर्शदाता, मनोवैज्ञानिक या ऐसे अन्य व्यक्ति से परामर्श कर सकता है,<br>(8) व्यक्तिगत देखरेख योजना के मुताबिक,बालक के लिए एक दिनचर्या तैयार की जाए और बालक को समझा दी जाए,<br>(9) यह सुनिश्चित करना कि बालक तैयार की गई दिचर्या की गतिविध्यिों का अनुपालन करें और इस संबंध में देखभाल कर्ताओं से समय पर रिपोर्ट लेना,<br>(10) व्यक्तिगत देखरेख योजना के कार्यान्वयन और कारगरता की आवधिक समीक्षा करना और यदि आवश्यक हो, प्रबंधन समिति के अनुमोदन से प्रारूप 7 में व्यक्तिगत देखरेख योजना और/या दिनचर्या में उचित आशेधन करना,<br>(11) बालक की समस्याओं को हल करना और गृह में जीवन में उनकी कठिनाईयों का सहानुभूतिपूर्वक निपटान करना,<br>(12) बालक से संबंधित अभिविन्यास, निगरानी, शिक्षा, व्यवसायिक एवं पुनर्वास कार्यक्रमों में भागीदारी करना और उन्हें सौंपे गए बालकों के संबंध में स्कूलों में अभिभावक शिक्षक बैठकों में उपस्थित रहना,<br>(13) बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय की कार्यवाही में उपस्थिति रहना और सभी सूचनाएं उपलब्ध कराना और सभी रिपोर्टें जिनकी मांग की गई हो,दाखिल करना,<br>(14) आयु की घोषणा का आदेश प्राप्त होने पर, बालक की आयु के संबंध में अभिलेख मे, यदि कोई परिवर्तन अपेक्षित हो,आवश्यक परिवर्तन करना और बालक की मामला फाइल में उक्त आदेश की प्रति लगाना,<br>(15) रिहाई–पूर्व कार्यक्रम में भागीदारी करना और बालक की संपर्क स्थापित करने में सहायता करना जो रिहाई के बाद बालक को भावनात्मक और सामाजिक समर्थन पदान कर सकता,<br>(16) बालक कों की रिहाई के बाद उनसे संपर्क बनाए रखना और उन्हें सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना,<br>(17) उनके पर्यवेक्षण के अधीन बालक के आवास का और ऐसे बालक के नियोजन के स्थान या स्कूल | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | जिसमें वह पढ़ाई कर रहा हो,का भी नियमित दौरा और पाक्षिक या अन्यथा जैसा भी निर्देश दिया गया हो,रिपोर्ट प्रस्तुत करना,<br>(18) बालक को जहा कहीं भी संभव हो ,यथा स्थिति बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय से जैसा भी,बाल देखरेख संस्था तक बालक के साथ जाना,<br>(19) बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के समक्ष बालक को पेश करने या चिकित्सा उपचार की अगली तारीख का अभिलेख रखना और यह सुनिश्चित करना कि उक्त तारीख को बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के समक्ष या चिकित्सा उपचार के लिए बालक को पेश किया जाए,<br>(20) समय–समय पर यथा विनिर्दिष्ट रजिस्टरों का रख रखाव करना,<br>(21) बाल रेखरेख संस्था के प्रभारी अधिकारी द्वारा सौंपा गया और अन्य कार्य,<br>7. मामला कार्यकर्ता जिसे बाल देखरेख संस्था के परिसर की दैनिक सफाई को जांच का कार्य सौंपा गया है, ऐसी जांच दिन में दो बार करेगा, पहली सुबह की सफाई के बाद और दूसरी शाम की सफाई के बाद। मामला कार्यकर्ता गृह–व्यवस्था रजिस्टर में इसका उल्लेख करेगा।<br>8. मामला कार्यकर्ता जिसे दैनिक खाना पकाने के कार्य को जांचने का कार्य सौंपा गया है, प्रत्येक आहार के बारे में आहार रजिस्टर में इसका उल्लेख करेगा। | | |
| 2. | जॉब बेस पर कार्य का नाम | सहायक–सफाई कर्मी (अकुशल) | |
| | कार्य का विवरण | जॉब बेस का औचित्य | अनुमानित राशि |
| | 1. अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण एंव किशोर गृह,बाल अधिकारिता विभाग,कोटा के परिसर मे (24 घंटे) सफाई/पौछा/धूलाई करना<br>2. सम्प्रेक्षण गृह के परिसर मे स्थित शौचालय/स्नानघर मे प्रतिदिन दो बार हारपिक से सफाई करना एव ओडोनिल बार/कपूर की गोली ,साबून की टिकिया रखना<br>3. सम्प्रेक्षण गृह के बाथरूम की प्रति दिन सफाई करना<br>4. सम्प्रेक्षण गृह परिसर की छत की माह मे एक बार सफाई करना<br>5. सम्प्रेक्षण गृह की पानी की टंकी एवं वाटर कूलर की टंकी की माह में तीन बार सर्फ से सफाई करना।<br>6. सम्प्रेक्षण गृह परिसर मे खिड़कियो शीशे के दरवाजे आदि की सर्फ से माह में एक बार सफाई करना<br>7. सम्प्रेक्षण गृह में स्थित कमरे में पंखे ट्यूब लाईट्स आदि की प्रति माह में एक बार सफाई करना<br>8. सम्प्रेक्षण गृह के कमरों मे अलग से झाडू लगाना | गृह परिसर की सम्पूर्ण सफाई हेतु। समय( दो पारी के अनुसार)<br>प्रातः 6-00am 11-00am<br>सायः4-00pm 7-00pm | आवश्यकतानुसार अकुशल श्रमिक को देय वेतन अनुसार कुल 01 कार्मिक को देय वेतन की गणना कर भुगतान करना |
| 3. | जॉब बेस पर कार्य का नाम | गृह पिता कुशल | |
| | कार्य का विवरण | जॉब बेस का औचित्य | योग्यता सैकण्डरी/समकक्ष |
| | 1. प्रत्येक गृह पिता या गृह माता प्रभारी व्यक्ति के निर्देशों की पाना करेगाा/करेगी।<br>2. गृहपिता या गृह माता के साधारण कर्तव्य ,कार्य और उत्तरदायित्व निम्नलिखित होंगेः–<br>(1) बाल देखरेख संस्था में प्रत्येक बालक के साथ प्यार और स्नेह के साथ व्यवहार करना, | अधिनियम में अनुसार सम्प्रेक्षणगृह में आवासित बालकों की देखरेख एवं संरक्षण का कार्य। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण)आदर्श नियम 63 में निर्धारित कार्य | बच्चों के साथ कार्य करने का कम से कम 02 वर्ष का अनुभव<br>कुशल श्रमिक को देय वेतन अनुसार कुल 03 कार्मिक कोदेय वेतन की गणना कर भुगतान करना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (2) बालक की उचित देखरेख करना और उसका कल्याण सुनिश्चित करना,<br><br>(3) प्रत्येक बालक को उसकी प्राप्ति पर कपड़ों, प्रासाधन सामग्री और दैनिक उपयोग के लिए अपेक्षित ऐसी अन्य वस्तुओं जैसी सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराएगा,<br><br>(4) मानक और बालक की जरूरतों के अनुसार खाद्य आपूर्ति और सामान की पुनः पूर्ति करना,<br><br>(5) बालक (कों) के बीच अनुशासन बनाए रखना,<br><br>(6) यह सुनिश्चित करना कि बाल व्यक्तिगत सफाई और स्वच्छता बनाए रखें,<br><br>(7) अनुरक्षण और सफाई की देखभाल करना और आस–पास स्वच्छता बनायए रखना,<br><br>(8) प्रत्येक बालक की दैनिक दिनचर्या का दक्षतापूर्वक रीति से कार्यान्वयन और इसमें बालकों की सहभागिता सुनिश्चित करना,<br><br>(9) बाल देखरेख संस्था में सुरक्षा और संरक्षा की देखभाल करना,<br><br>(10) बालकों का ,वे जब कभी बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के समक्ष पेश होने के अलावा अन्य किसी प्रयोजन से बाल देखरेख संस्था से बाहर जाते हैं, मार्गरक्षण कराना,<br><br>(11) प्रभारी अधिकारी को रिपोर्ट करना और बाल कल्याण अधिकारी को सौंपे गए बालक के बारे में बाल कल्याण अधिकारी को सूचित करना,<br><br>(12) उनके कर्तव्यों से संबंधित रजिस्टरों का रख रखाव करना, और<br><br>(13) बाल देखरेख संस्था के प्रभारी अधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य। | समय( तीन पारी के अनुसार)<br>प्रातः 6-00am2-00Pm<br>दोपहर02-pm 10-00 Pm<br>रात्रि10-00PM 6-00 am | |
| 4. | विजिट बेस पर कार्य का नाम | **परामर्शदाता** | अनुमानित राशि एवं योग्यता |
| | कार्य का विवरण | विजिट बेस का औचित्य | समाजशास्त्र स्नातकोतर / मनोविज्ञान स्नातकोतर एवं बच्चों के साथ कार्य करने का कम से कम 01 वर्ष का अनुभव |
| | 1. राज्य सरकार के आदेश क्रमांक 35235 दिनांक 28.02.2019 से जारी मार्गदर्शिका के अनुरूप काउंन्सलिंग करना<br>2. बच्चे की शारीरिक और भावनात्मक स्थिति को समझना।<br>3. उसकी पीडा को दूर करना और चोट के भराव तथा विकास को बढावा देना।<br>4. बच्चे के अनुसार बताए गए घटना के कारणों को जानना एवं सुनना। | बालकों को मार्गदर्शन देते हुए परिवार स्तर पर पुर्नवासित करना व सही मार्ग दर्शन प्रदान करना। | 01 परामर्शदाता अधिकतम 20 विजिट, प्रति विजिट 400 / –रूपये |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 5. जब बच्चा मुश्किल में है तो उचित ढंग से प्रतिकिया देना।<br>6. बालक की उपस्थिति, हाव–भाव चाल,आवाज से उसके बारे में अनेक बातें जानना।<br>7. इस तरह के सम्प्रेषण के प्रयोग में शब्दों की बजाय महसूस करना।<br>8. जो बच्चे उन्हें रैफर किए गए हैं उन्हें परामर्श और सहायता देना और समूह आधारित गतिविधियां करना।<br>9. बच्चे के पूर्ण व्यक्तित्व और सामाजिक विकास को बढाना तथा उसके स्वास्थ्य और कल्याण के लिए काम करना।<br>10. बच्चे को उसके परिवार या समुदाय से पुनः जोड़ने में सहायता करना।<br>11. जब आवश्यक हो किशोर न्याय बोर्ड / बाल कल्याण समिति / न्यायालय की काउंन्सलिंग रिपोर्ट प्रस्तुत करना अथवा मनाही के लिए जाना।<br>12. उक्त के अतिरिक्त संस्थान के प्रभारी / अधीक्षक द्वारा पदत्त कार्य संपादित करना। | | |
| 5. | जॉब बेस पर कार्य का नाम | **पैरामेडिकल स्टाफ** | |
| | कार्य का विवरण | जॉब बेस का औचित्य | |
| | 1. बच्चों को समय–समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करना।<br>2. बीमार बच्चों को समय–समय पर दवाईयां उपलब्ध कराना।<br>3. बच्चों को मौसमी बीमारीयों / संक्रामक बीमारीयों से बचने के उपाय के बारे में अवगत कराना।<br>4. छोटे बच्चों को समय–समय पर टीके / पोलियों इत्यादि की दवा पिलाना।<br>5. आवश्यकतानुसार चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सक) का सहायता करना।<br>6. बच्चों को उम्र के अनुसार आने वाले शारीरिक परिवर्तनों के बारे में बताना।<br>7. किशोरी बालिकाओं को आयरन की गोलियां उपलब्ध कराना।<br>8. उक्त के अतिरिक्त संस्थान के प्रभारी / अधीक्षक द्वारा पदत्त कार्य संपादित करना। | अधिनियम कें अनुसार सुरक्षित अभिरक्षा में आवासित बालकों की देखरेख एवं संरक्षण का कार्य | नर्सिंग में स्नातक (जी.एन.एम. / ए.एन.एम.)डिग्री.कुशल श्रमिक को देय वेतन अनुसार कुल 01 कार्मिक कोदेय वेतन की गणना कर भुगतान करना |
| 6. | जॉब बेस पर कार्य का नाम | **कम्पयूटर ऑपरेटर**<br>**मेन विदमशीन** | |
| | कार्य का विवरण | जॉब बेस का औचित्य | |
| | 1. अधीक्षक,राजकीय सम्प्रेक्षण गृह एवं किषोर न्याय बोर्ड गृह के डाटा एन्ट्री एवं ऑनलाईन सम्बंधित कार्यों को करना।<br>2. अधीक्षक,राजकीय सम्प्रेक्षण गृह एवं किषोर न्याय बोर्ड गृह के कार्यालय कार्यों का करना।<br>3. उक्त के अतिरिक्त संस्थान के प्रभारी / अधीक्षक द्वारा पदत्त कार्य संपादित करना। | अधीक्षक,राजकीय सम्प्रेक्षण गृह एवं किशोर न्याय बोर्ड के ऑनलाईन एवं पत्र टाईपिंग कार्य | कम्पयूटर ऑपरेटर कुल 02 कार्मिक को देय वेतन की गणना कर भुगतान करना। |

निविदा की कुल राशि 11.45 लाख  ग्यारह लाख पेंतालिस हजार रूपये मात्र।

नोट :– सवेदक द्वारा प्रस्तुत दरें (समस्त करों /शुल्क सहित) विभाग द्वारा निर्धारित दरों से अधिक नहीं हो एवं श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दरों से कम नहीं होना चाहिऐ।

हस्ताक्षर सवेंदक / बोलीदाता

# इकरारनामा

# निविदा की सामान्य शर्ते

## कार्यालय अधीक्षक, सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह, बाल अधिकारिता विभाग,(सुरक्षित अभिरक्षा गृह) नयागावं कोटा में जॉब बेसिस /विजिट बेस सेवा की आपूर्ति का कार्यः– वित्त वर्ष 2022–23 व 2023–24 (अवधि मार्च 2023 से फरवरी 2024)

## बोलीदाताओं के लिए अनुदेश एवं शर्तें

**Important Instruction:** The Law relating to procurement "The Rajasthan Transparency in public procurement Act, 2012" [herein after called the Act] and the Rajasthan Transparency in Public Procurement Rules 2013" [herein after called the Rules] under the said Act have come into force which are available on the website of State Public Procurement Portal http://sppp.raj.nic.in . Therefore, the bidders are advised to acquaint themselves with the provisions of the Act and the Rules before participating in the bidding process. If there is any discrepancy between the provision of the Act and the Rules and this bidding document, the provision of the Act and the Rules shall prevail.

1. **निविदा प्रस्तुत करने की विधि व प्रक्रिया :**

(1) बोली प्रस्तुत करने के इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा बोली प्रपत्रhttp://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। एवं विभागीय वेबसाईट raj.sje@rajasthan.gov.inया कार्यालय से भी निर्धारित शुल्क जमा करा कर प्राप्त किया जा सकता है

(2) बोली निर्धारित फोरमेट में प्रस्तुत की जावेगी। निविदा से संबंधित वित्तीय बिड प्रपत्र के सहित सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर करते हुए तथा आवश्यक अन्य दस्तावेजों पर भी हस्ताक्षर करने के उपरान्त निर्धारित दिनांक को निर्धारित समय तक व्यक्तिशः/डाक द्वारा प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित तिथि व समय पश्चात डाक द्वारा प्राप्त बोली प्रपत्रो को स्वीकार नहीं किया जायेगा। अतः बोलीदाता अपनी बोली प्रपत्र निर्धारित तिथि से पूर्व स्वयं के स्तर से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करे (डाक द्वारा विलम्ब से प्राप्त बोली प्रपत्रो हेतु निविदादाता स्वयं उत्तरदायी होगें)

(3) वित्तीय बिड प्रपत्र निर्धारित फोरमेट में पृथक लिफाफे में मोहरबन्द कर प्रस्तुत की जावेगी। निविदादाता इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उनके द्वारा प्रस्तुत की जा रही दरें वित्तीय बिड प्रपत्र के अलावा अन्य किसी स्थान पर प्रकट नहीं की जावें।

(4) तकनीकी रूप से सफल निविदादाताओ की ही वित्तीय बिड़ को खोला जावेगा।

(5) वित्तीय बिड व तकनिकी बिड पृथक–पृथक मोहरबन्द लिफाफों में उन पर फर्म का नाम पता सम्पर्क नम्बर व तकनीकी बिड/वित्तीय बिड स्पष्ट रूप से अंकित कर निर्धारित तिथि व निर्धारित समय तक प्रस्तुत कर सकेगें। जिन्हे निर्धारित तिथि को निर्धारित समय पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। तकनीकी विड के समस्त पृष्ठो पर क्रम संख्या अंकित की जावे तथा तकनीकी विड के कॉलम अनुसार उसका संलग्नक का पृष्ठ कमांक उसके समक्ष अंकित किया जावे।

2. **बिड प्रस्तुत करने के लिए पात्रताः**

कोई भी व्यक्ति/फर्म/संस्था जो राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलंन) अधिनियम 1970. कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948, वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी), आयकर (पैन नम्बर), राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958, या इण्डियन पार्टनरषिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956, के अर्न्तगत पंजीकृत हो तथा गत तीन वित्तीय वर्षों में से किसी एक वर्ष में टर्नओवर रुपये 3.00 लाख होना आवश्यक है। इस हेतु Annexure-1भर कर व पंजीकरण की सूचना Annexure-2तथा चैक लिस्ट भरकर तकनीकी

निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा इससे सम्बंधित सभी दस्तावेजों की प्रति लगाना आवश्यक होगा।

### 3. बिड की सामान्य निर्देश एवं शर्ते :

1. केन्द्र सरकार/राज्यसरकार द्वारा लागू जी.एस.टी., पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 के समक्ष निर्धारित दरो से नियमानुसार टेक्स का भुगतान,विभागीय अंशदान का भुगतान विभाग द्वारा पृथक से किया जायेगा।
2. बोलीदाता द्वारा बेसिक रेट,सर्विस चार्ज एवं जीएसटी का अकंन(BOQ) में किया जायेगा । बेसीक रेट की दरे न्यूनतम मजदूरी की दरो से कम नही होनी चाहिऐ। बेसिक दरे न्यूनतम मजदूरी की दरो से कम होने/सर्विस चार्ज की दरे अस्पष्ट,भ्रामक,या निःशुल्क या जीरो प्वाइन्ट जीरो (0.00) होने की अवस्था में सम्बन्धित बोलीदाता की निविदा/बोली स्वतः ही निरस्त मान ली जावेगी ।
3. निविदा की विधि मान्यता तिथि 90 दिवस होगी।
4. कार्य की अवधि व स्वीकृत दरें कार्यादेश स्वीकृति की तिथि से एक (01) वर्ष के लिए मान्य होगी। कार्य संतोषजनक होने की स्थिति मे आपसी सहमति से 6 माह के लिए और बढाया जा सकता है ।
5. निविदादाता को तकनीकी बिड के साथ पात्रता के संबंध में वांछित दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य है।
6. निविदादाताको निविदा सूचना में अंकित अमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक जो कि **अधीक्षकराजकीय सम्प्रेक्षण एंव किशोर गृह,कोटा**का कोटा शाखा में भुगतान योग्य निविदा के साथ जमा कराना होगा। सफल निविदादाता को निविदा मूल्य की 0.5 प्रतिशत प्रतिभूति राशि निविदा स्वीकृति के 07 दिवस में जमा करानी होगी अन्यथा अमानत राशि जप्त करली जावेगी। / एवं राजस्थान सरकार वित्त (GF&AR)विभाग के पत्रांक एफ 2(1) वित्त/ जीएण्ड– एसपीएफसी/ 2017/जयपुर दिनांक 23.12.2020 के अनुसार धरोहर राशि राजस्थान स्टाम्प अधिनियम 1998 की धारा 3 अनुच्छेद 4 के अनुसार धोषणा पत्र (Deciaration) के अन्तर्गत नियमानुसार वसूली की कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।अमानत का प्रतिभूति राशि में समायोजन कर लिया जायेगा। द्वितीय न्यूनतम दर निविदादाता की अमानत राशि रोक कर शेष निविदादाताओं को आवेदन करने पर अमानत राशि लौटा दी जायेगी। अमानत राशि के बिना प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा।
7. सफल निविदादाता द्वारा अवयस्क एवं अशक्त व्यक्तियों को कार्य पर नहीं लगाया जायेगा।
8. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार विभागीय समिति को होगा।
9. सेवा प्रदायकर्ता द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र या कोई त्रुटि पाये जाने पर निविदा को रद्द करने का अधिकार विभागीय समिति को होगा।
10. दरो को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार विभागीय समिति के पास सुरक्षित होगा।
11. निविदादाता को तकनीकी निविदा में अंकित समस्त वांछित एवं अंकित दस्तावेज निविदा के साथ अपलोड करने होगें। निविदादाता द्वारा जी.एस.टी. नम्बर का पंजीकरण संलग्न करना होगा।
12. निविदादाता को ठेका कार्य का संचालन स्वयं को ही करना होगा, वह किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को ठेका सबलेट नहीं करेगा। ऐसा किया जाना पाया गया तो ब्लैक लिस्टेड कर कार्यादेश निरस्त कर दिया जाएगा ।
13. निविदा की शर्तो का उल्लघंन होने पर बिना नोटिस दिये ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
14. निविदा के सम्बन्ध में अन्य कोई शर्ते मान्य नही होगी। सशर्ते निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।
15. निविदादाता के किसी कर्मकार द्वारा कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने/अवांछित गतिविधियो से लिप्त पाये जाने अथवा अनापेक्षित आचरण करने सम्बन्धित शिकायत प्राप्त होने पर अथवा अन्य प्रकार से प्रशासन के ध्यान में आने पर यदि प्रशासन उस कर्मकार को हटाने का निर्देश सेवा प्रदायकर्ता को देता हैं तो ठेकेदार द्वारा उस कर्मकार को तुरन्त हटाना होगा तथा अन्य व्यवस्था करनी होगी।

16. निविदादाता द्वारा जॉब कार्य हेतु उपलब्ध करवाये गये कर्मकारों के आचरण एवं उसके द्वारा किये गये कार्य के लिए पूर्ण रूप से निविदादाता जिम्मेदार होगा। निविदादाता को अपने कर्मकारों को पहचान/परिचय पत्र उपलब्ध कराने होगें।

17. अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण एंव किशोर गृह,कोटाद्वारा निविदा से सम्बन्धित कोई भी सूचना सेवा प्रदायकर्ता से कभी भी प्राप्त की जा सकेगी। इस हेतु निविदादाता को कार्यस्थल पर स्वयं की अनुपस्थिति में किसी अन्य व्यक्ति/व्यक्तियों को नामजद करना होगा जो कि ठेकेदार के नाम से जारी पत्रो को प्राप्त करने एवं वांछित सूचना उपलब्ध कराने के लिये अधिकृत एवं उत्तरदायी हो। अधिकृत व्यक्ति राउण्ड दॉ क्लॉक अधीक्षक के सम्पर्क में रहेगा एवं प्रशासन के द्वारा समय–समय पर दिये जाने वाले दिशा–निर्देशो के अनुसार कार्य करने के लिये उत्तरदायी होगा।

18. सफल निविदादाता द्वारा संस्था में सफाई हेतु सफाईकर्मी, केयर–टेकर संबंधी कार्य व भोजन बनाने के कार्य हेतु आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराये गये कर्मकार किसी भी स्थिति में **नियमित नियुक्ति** के पात्र नहीं होगे।

19. सफल निविदादाता द्वारा कार्यादेश में वर्णित कार्य सम्पादन हेतु आवश्यकतानुसार कर्मकार उपलब्ध करवायें जायेगें। यदि किसी समय निविदादाता द्वारा आवश्यकतानुसार कार्मिक उपलब्ध नहीं करवायें जाने पर भोजन बनाने, सफाई, केयर टेकर संबंधी कार्य सन्तोषजनक नहीं होने पर अनुमोदित राशि के आधार पर गणना कर उक्त कटौती के साथ आंकलित राशि की 10 प्रतिशत राशि शास्ति के रूप में बिल से काटी जायेगी।

20. निविदादाता को श्रम विधि नियम, उपनियम तथा केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों एवं श्रमिक हित में जारी किये गये संशोधनों की पालना करने का दायित्व निविदादाता का होगा, पालना नहीं करने की स्थिति में **अधीक्षकराजकीय सम्प्रेक्षण एंव किशोर गृह,कोटा**को निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

21. इस कार्य हेतु श्रम विभाग/राज्य सरकार के प्रावधानों के तहत् कोई लाईसेन्स या अनुमति पत्र लेना आवश्यक हो तो वह निविदादाता स्वयं के खर्चे पर प्राप्त कर प्रस्तुत करेगा। निविदादाता को अपने कर्मकारों के कार्य दिवस, कार्य के घण्टे, दिये गये पारिश्रमिक इत्यादि की श्रम विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्रों में सूचना व अन्य समस्त प्रकार के रिकॉर्ड को तैयार करने एवं तदुपरान्त सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी तथा किसी भी अधिकारी के मांगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी।

